प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

Capacity Building Training Programme on Road Safety-02

दिनांक 04-05-2026 to 08-05-2026

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक **04-05-2026 से 08-05-2026** तक **Training Capacity Building Training Programme on Road Safety-02** विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्चुअल क्लास रूम में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 24 प्रतिभागियों जिसमें **02** सहायक पुलिस अधिक्षक, 08 पुलिस निरीक्षक व 14 उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन श्रीमान संजीब कुमार नार्जारी, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर द्वारा कोर्स का शुभारम्भ करवाया गया एवं कोर्स डायरेक्टर द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया। उसके बाद सभी प्रतिभागियों का ग्रुप फोटो सेशन हुआ।

प्रथम दिन प्रथम सत्र में श्री धीरज वर्मा**,** पुलिस निरीक्षक कोर्स निदेशक ने सड़क सुरक्षा प्रबंधन की वर्तमान स्थिति और वैज्ञानिक सड़क दुर्घटना जांच का महत्व के बारे में बताया गया। द्वितीय एवं तृतीय सत्र में श्री यतीश गुप्ता प्रबंधक आईआरडीए परिवहन विभाग द्वारा **eDAR** अभिविन्यास संबंधी मार्गदर्शन के बारे में विस्तार से समझाया।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र में श्री रमेश चौधरी, एडीपी, आरपीए, जयपुर ने सड़क दुर्घटना मामलों में नए आपराधिक कानूनों के प्रावधान और इन मामलों की जांच से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधान के बारे में अपने व्याख्यान दिये। द्वितीय सत्र में श्री आर.एस. शर्मा, अतिरिक्त निदेशक, एफएसएल ने फोरेंसिक फोटोग्राफी और साक्ष्य संग्रह का महत्व के बारे में समझाया। तृतीय सत्र में

डॉ वीरेंद्र सिंह राठौर उप परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा अजमेर ने सड़क उपयोग में अनुशासन और दक्षता के लिए कानूनी आधार, मोटर वाहन संचालन विनियम के बारे में विस्तार से बताया।

तृतीय दिन के प्रथम एवं द्‌वितीय सत्र में डॉ. अश्विनी बग्गा, सलाहकार, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने भारत में सड़क सुरक्षा मानक दुर्घटना के मामलों का प्रस्तुतीकरण **और** आईआरसी : 67-2022 सड़क संकेतों के लिए आचार संहिता (चौथा संशोधन) के बारे में बताया। तृतीय सत्र में श्री परवीन कुमार, टी.आई. शिक्षा, डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय, जयपुर ने घटनाओं, वीआईपी आवागमन और मौसम की स्थितियों के दौरान यातायात प्रबंधन के बारे में समझाया।

चतुर्थ दिन के प्रथम एवं द्‌वितीय सत्र में श्री आशुतोष भट्ट, परियोजना प्रबंधक, एनआईसी ने ई-परिवहन सेवाओं का परिचय व डिजिटल प्रवर्तन के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में श्री कप्तान सिंह, पुलिस निरीक्षक, आरपीए जयपुर ने घटनाओं, वीआईपी आवागमन और मौसम की स्थितियों के दौरान यातायात प्रबंधन पर अपने व्याख्यान दिये।

पंचम दिन के प्रथम एवं द्‌वितीय सत्र में सुश्री नेहा खुल्लर कार्यकारी निदेशक मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी ने जांच के संदर्भ में सड़क सुरक्षा प्रबंधन और डेटा की भूमिका: कानून और मोटर वाहन नियंत्रण विनियमन 2017 एवं राजस्थान में सड़क सुरक्षा पहल विषय पर विस्तारपूर्वक बताया।

कोर्स के समापन में मुख्य अतिथि श्रीमान संजीब कुमार नार्जारी, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर द्‌वारा वर्चअल क्लाश रूम में प्रतिभागियों से कोर्स से सम्बन्धित विषय पर चर्चा की। समापन सत्र में प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिये गये। समापन सत्र के अन्त में श्री पूनम चन्द विश्नोई, सहायक निदेशक (सीडीपीएसएम), आरपीए जयपुर एवं सहायक कोर्स डायरेक्टर द्‌वारा कोर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात कोर्स विधिवत सम्पन्न हुआ।

हस्ताक्षर
कोर्स निदेशक